Need to provide Central funds for development of Vitthal Rakumani temple in Solapur district of Maharashtra.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** महाराट्र के सोलापुर जिले के अंतर्गत पंढरपुर में चन्द्रभागा नदी पर विठ्ठल रकुमई मंदिर स्थित है और यहां पर प्रत्येक र्वा देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं, किंतु उनके लिए समुचित नागरिक सुविधाओं की भारी कमी है। इसके लिए एक एक्शन प्लान भी बना था, मगर उसको आज तक क्रियान्वित नहीं किया गया है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि केन्द्र सरकार वहां आने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु एक्शन प्लान को लागू किए जाने हेतु ज़रूरी कारगर कदम उठाए और उसे तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतु केन्द्रीय निधि से धन का आबंटन अविलम्ब करे।